कांग्रेस के किले को बरकरार ... पृष्ठ 2 | हिन्दू युवा मंच ने आपराधिक गतिविधियों पर... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 20 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 98, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






# महाकुंभ में भीषण आग : 3 सिलेंडर फटे, 25 टेंट जलकर खाक...

## अस्पतालों में अलर्ट

**प्रयागराज।** मेला क्षेत्र में रविवार को भीषण आग लग गई। ये आग शास्त्रीय ब्रिज के नीचे लगी। आग की वजह से 20-25 टेंट खाक हो गए। मौके पर कई दमकल की गाड़ियां पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। सीएम योगी भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को भीषण आग लग गई। ये आग शास्त्रीय ब्रिज के नीचे सेक्टर 19 के इलाके में लगी। बताया जा रहा है कि खाना बनाते समय टेंट में आग लगी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कई दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों की टीम ने आग पर काबू पाया। उधर, सीएम



योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

**20 से 25 टेंट जल गए हैं-** जानकारी के मुताबिक, शाम करीब चार बजे सेक्टर 16 स्थित दिगंबर अनी अखाड़ें में प्रसाद बनाया जा रहा था। इसी दौरान भीषण आग लग गई। टेंट में रखे तीन सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गए। 20 से 25 टेंट खाक हो गए।

**काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया-** जानकारी मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड की टीम पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में टीम को सफलता मिली। भीड़ अधिक होने के कारण दमकल को पहुंचने में समय लगा। पूरे महाकुंभ मेला में अलर्ट जारी कर दिया गया।

**देवेंत्र त्रिपाठी ने सिलेंडर बाहर निकालकर फेंका-** हरिराम त्रिपाठी व देवेंद्र त्रिपाठी शांतनु निवासी दारागंज के मेले में घूम रहे थे। इस दौरान एक शिविर से धुआं उठते देखा। इसके बाद यह लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सिलेंडर निकालकर बाहर फेंकने लगे। इस दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए।

# इस साल भी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगी धान खरीदी : सीएम

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में आज एक बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय के तहत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप इस साल भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले राज्य के लगभग 27 लाख किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। इस साल किसानों से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, जिसका भुगतान किसानों को किया जा रहा है तथा प्रति क्विंटल अंतर की राशि 800 रूपए छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आदान सहायता के रूप में एकमुश्त फरवरी 2025 में प्रदान करेगी। कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से अतिशेष धान की नीलामी को ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से निराकरण करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य में एचव्ही-4 श्रेणी के विद्युत उपभोक्ता-मिनी स्टील प्लांट, स्टील उद्योग को जिनके कैप्टिव पावर प्लांट नहीं है या एक मेगा वॉट से कम है तथा उनका लोड 2.5 एमव्हीए से अधिक है को औद्योगिक एवं



आर्थिक मंदी के कारण उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने तथा राहत देने के उद्देश्य से कैबिनेट द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विशेष राहत पैकेज अंतर्गत ऊर्जा प्रभार में 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक अधिकतम एक रूपए प्रति यूनिट छूट देने का निर्णय लिया गया।कैबिनेट ने विधानसभा सत्र में किए गए घोषणा के अनुपालन में राज्य के कलाकारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अर्थाभावग्रस्त लेखकों और कलाकारों एवं उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ कलाकार कोष नियम 1982 में संशोधन कर राज्य के कलाकारों को 25 हजार रूपए के स्थान पर अब अधिकतम 50 हजार रूपए की सहायता एवं मृत्यु होने पर 01 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं को वित्तीय बाजारों, निवेश के साधनों एवं वित्तीय नियोजन के क्षेत्र में उपयुक्त कौशल तथा आवश्यक ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छात्र स्किलिंग प्रोग्राम के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रशिक्षण हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जाएगा।

वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग में अपर आयुक्त आबकारी का एक नवीन पद (वेतन मेट्रिक्स लेवल-15) का सृजन करने का निर्णय लिया गया। नवा रायपुर अटल नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रयोजन हेतु सत्य सांई हेल्थ एवं एजुकेशन ट्रस्ट को अतिरिक्त 5 एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को एकमुश्त निपटान हेतु लागत मूल्य से 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 30 प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत एक लाख 32 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कुल अनुदान राशि 3938.80 करोड़ है, जिसमें अनिवार्य राज्यांश 1450 करोड़ रूपए एवं अतिरिक्त राज्यांश 538 करोड़, जो कि मकान पूर्ण करने अथवा गृह प्रवेश पर दिया जाएगा, का अनुमोदन किया गया। कैबिनेट ने महिला स्व-सहायता समूह के हित को ध्यान में रखते हुए रेडी टू ईट निर्माण का काम महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। पहले चरण में रेडी टू ईट निर्माण का कार्य 5 जिलों में महिला स्व-सहायता समूहों को दिया जाएगा।छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों में संशोधन किए जाने हेतु विभिन्न धाराओं में संशोधन संबंधी जारी अध्यादेश की समयावधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

# पोषक विद्यालय मुसरा में अग्रणी दिग्विजय

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के द्वारा पोषक विद्यालय कार्यक्रम तथा अग्रणी



दिग्विजय के तहत प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बी. नंदा जागृत के निर्देशन में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप पोषक विद्यालय तथा अग्रणी दिग्विजय प्रोग्राम के तहत शासकीय उच्चतर विद्यालय मुसरा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति ह्श्वक्क द्व2020 के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष ने कहा कि विद्यार्थियों को 12वीं उत्तीर्ण पश्चात स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के पूर्व ह्श्वक्क के तहत ,विषय चयन की जानकारी होने चाहिए । विद्यालय के प्राचार्य श्री चंद्रवंशी ने कहा कि महाविद्यालय परिवार द्वारा दी जा रही जानकारी से विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलेगा।

# दिवानटोला में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु डॉ0 रमन सिंह ने दी 05 लाख की स्वीकृति

## पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया वार्ड वार्ड नं.02 दिवानटोला में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के वार्ड नं.02 नवागॉव क्षेत्र अंतर्गत दीवानटोला में स्थानीय नागरिकों एवं वार्डवासियों की मांग पर डॉ0 रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव ने विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण हतु 5 लाख रू. की स्वीकृति प्रदान की है। दिवानटोला स्थित तालाब के किनारे कार्यकर्ताओं व वार्डवसियो के समक्ष, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने उक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। महिला वार्डवासियों की इस विशेष मांग को पूर्व सांसद मधु ने डॉ0 रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधान सभा एवं विधायक राजनांदगॉव के समक्ष प्रस्तुत करते हुए तत्संबंध में राशि स्वीकृति हेतु आग्रह किया था, जिसपर सहमति जताते हुए डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर विधायक निधि मद से 5 लाख रू. की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने पहुॅचे पूर्व सांसद मधु का वार्डवासियों ने पुष्पहार पहनाकर एवं तिलक लगाकर हर्षोल्लास से स्वागत किया। पश्चात् वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सांसद मधुसूदन ने अपने करकमलों से भूमिपूजन कार्य संपन्न किया। इस दौरान पूर्व सांसद के साथ भाजपा नेतागण एवं वार्डवासीगण किसुन यदु, सावन वर्मा, मनीष जैन, संजय देवांगन, अफजल



खान, भीषम देवांगन, राजेश कामड़े, रामरतन सिन्हा, थानेश्वर मानिकपुरी, प्रदीप दास, राजकमार निर्मलकर, शिवरतन सिन्हा, श्री येड़े, कपिल नेताम, शीतल पटेल, शीला परेता, यामिनी साहू, कविता मानिकपुरी एवं अन्य मौजूद रहे। तदुपरान्त वार्डवासियों ने पूर्व सांसद को तालाबपार में पचरी निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराते हुए स्थल निरीक्षण के लिये अनुरोध किया । प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने तालाब के किनारे पचरी निर्माण हेतु वार्डवासियो के साथ प्रस्तावित निर्माण स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य स्वीकृति दिलवाने का अश्वासन दिया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंत में वार्डवासियों ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति हेतु डॉ0 रमन सिंह एवं पूर्व सांसद मधुसूदन को धन्यवाद देते हुए आभार प्रदर्शित किया। भूमिपूजन के इस आयोजन के उपरान्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने वार्डवासियों के साथ तालाबपार में स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की एवं वार्डवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का निदान किया।

# बैंको के रिकवरी एजेंटों की मनमानी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के बैंकों एवं प्राईवेट बैंको के रिकवरी एजेंटो द्वारा महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, जिसके कारण लॉ एण्ड आर्डर की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ज्ञात हो कि हर शहर, गांव में सरकारी बैंक, निजी बैंक एवं माइक्रो फाइनेंस बैंक खुले हुए है औरयह बैंक लोगों को तथा महिलाओं के समूहों को लोन देते है और इसकी वसूली सप्ताह में अथवा महिने में वसूले करते है। महिलाएं समय पर पैसे दे देते है, परंतु कभी-कभी इनके पास पैसा नहीं रहता है तो वह एक या दो दिन का समय मांगते है परंतु यह रिकवरी एजेंट एक भी दिन का समय नहीं देते



## महिलाओं से अभद्रतापूर्ण व्यवहार

और दिन रात महिलाओं को परेशान करते रहते है। और यह कहते है कि हमको अभी के अभी पैसा चाहिए नहीं तो हम आपके घर का सामान उठाकर ले जाएंगे नहीं तो आपके एकाउंट और आपको डिफाल्टर घोषित करा देंगे, कई एजेंट तो घर तुड़वाने की भी धमकी देते है।

शासन- प्रशासन को चाहिए कि इन पर अंकुश लगाएं क्योंकि ये लोग समूह की महिलााओं से गाली, गलौज करने से भी बाज नहीं आते अतः जिलाधीश को चाहिए कि बैंको के रिकवरी एजेंटो का मीटिंग लेकर और उन्हें वार्निंग दे कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार न करें तथा गाली गलौज न करें। अभी हाल ही में कोरबा में 5 बैंको पर कार्यवाही की गई और उन ब्रांचो को सील कर दी गई। ऐसी ही कार्यवाही राजनांदगांव में भी जरूरी है।

# ईस्ट आराध्य देवी माता बहादुरिन कलारिन की जयंती आज धूमधाम से मनाया जाएगा




**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम बिलहरी में 20 जनवरी सोमवार को कलार समाज द्वारा अपनी ईस्ट आराध्य देवी माता बहादुरिन कलारिन का जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। ग्राम के शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि यहां जयंती प्रत्येक वर्ष बाजार चौक स्थित माता बहादुरिन कलारिन मंदिर प्रांगण में मनाया जाता है जिसमे समाज के सभी लोग सम्मिलित होते हैं व माता का पूजा पाठ करके प्रांगण में हवन भी किया जाता है आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा इस अवसर पर भजन, कीर्तन के साथ जनकपुर वालों का रामायण मंडली का भी आयोजन रखा गया है।

# कांग्रेस के किले को बरकरार रखने कांग्रेस पर्यवेक्षक ने एकजुट होकर कार्य करने की दी नसीहते

## नगर में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओ को किया रिचार्ज, गिले शिकवे भूलकर पार्टी के जीत के लिए दिया मूलमंत्र

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में कांग्रेस की सरकार बनाने एवं एक दशक से कांग्रेस की किले में तब्दील अंबागढ चौकी में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कांग्रेसजनो को एकजुट होकर कार्य करना पडेगा। नगरीय निकाय चुनाव में अंबागढ चौकी नगर पंचायत के लिए कांग्रेस के पर्यवेक्षक मेहुल मारू ने कार्यकर्ताओ को रिचार्ज करते हुए पार्टी की सफलता के लिए गिले षिकवे भूलकर व जमीन में कार्य करने की नसीहते दी।

अंबागढ चौकी नगर पंचायत के लिए छग प्रदेष कांग्रेस कमेटी से नियुक्त पर्यवेक्षक प्रदेष सचिव मेहुल मारू ने आज नगर पहुचकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक ली। पार्टी पर्यवेक्षक की बैठक में नगर पंचायत में पदाधिकारी एवं चुनाव लडने के इच्छुक कांग्रेस कार्यकर्ता बडी संख्या में षामिल हुए। नगर के साहू धर्मषाला में सम्पन्न हुई कांग्रेस पार्टी की नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी बैठक में सबसे पहले चुनाव लडने के इच्छुक कार्यकर्ताओ व पार्टी पदाधिकारियो ने अपने विचार रखे। कांग्रेसजनो के संबोधन के बाद प्रदेष कांग्रेस सचिव व प्र्यवेक्षक मेहलु मारू ने कहा की अंबागढ चौकी , मोहला मानपुर क्षेत्र कांग्रेस का गढ रहा है। इस किले ने विधानसभा में कांग्रेस को दो विधायक तथा लोकसभा में पार्टी प्रत्याषी को ऐतिहासिक लीड दिलाई थी। श्री मारू ने कहा की नगर व वंनाचल में कांग्रेस की किले को बचाए रखने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। और एक बडे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छोटी छोटी बातो व गिले षिकवे को भूलकर पार्टी की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आहवान किया। प्र्यवेक्षक श्री मारू ने कहा की टिकिट कोई भी मांग सकता है। आप दावेदारी जरूर करे लेकिन जब पार्टी से किसी का नाम फाइनल हो तो पार्टी की जीत के लिए ईमानदारी के साथ काम करे। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने भी विचार रखे। जिलाध्यक्ष ने प्रदेष कांग्रेस कमेटी से मिले निर्देषो की जानकारी देते हुए चुनाव लडने के इच्छुक कार्यकर्ताओ को ब्लाक अध्यक्ष, विधायक व पर्यवेक्षक के पास आवेदन जमा करने का निर्देष दिया। बैठक के अंत में पर्यवेक्षक ने दोवेदरो से आवेदन स्वीकार किए। बैठक का संचालन ब्लाक अध्यक्ष मनीश बंसोड ने व आभार ज्ञापन बेनीप्रसाद साहू ने किया। इस अवसर पर ष्यामसुंदर लाटा, षेशवरी ध्रुवे, पन्ना मेश्राम, गोपाल पाल, दामोदर षर्मा, नंदकिषोर कुंजाम, रामगोपाल षर्मा, साधना सिंह, विद्या ताम्रकार, रितेश मेश्राम, अषोक वर्मा, षंकर निशाद, मुकेष सिन्हा, विजय यादव, प्रमोद ठलाल, छगन बंजारे, षमीमुद्दीन कुरैषी, बिटटु रब्बानी, जयलाल सिन्हा, अनीश कुरैषी, विनोद डेहरिया, रजिया बेगम, मनीश साहू, आर.एन.सिंह, जमुना तिग्गा, रिनी पोरटी, मिर्जा रज्जाक बेग, अरूण यादव, मोनू कुरैषी, रेहाना बेगम, षोभा भोयर, समा खान, गोपीचंदा सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**पार्षद पार्टी कोश में राषि जमा करे**

छग प्रदेष कांग्रेस कमेटी के सचिव व अंबागढ चौकी निकाय चुनाव के लिए पार्टी पर्यवेक्षक मेहुल मारू ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को डॉ मनमाहेन सिंह कमेटी के निर्देषो की जानकारी दी। पर्यवेक्षक ने निकाय में इस कार्यकाल में पार्शद रहे व चुनाव लडने के इच्छुक नेताओ को पार्टी के निर्देषो के अनुरूप अपने आवेदन के साथ पार्टी कोश में निर्धारित राषि पांच माह का मानेदय अवष्य जमा कराने के निर्देष दिए।

**वाटसअप से भी स्वीकार किए जाएंगे आवेदन**

नगर पंचायत अंबागढ चौकी में पार्शद व अध्यक्ष पद का चुनाव लडने के इच्छुक कांग्रेसजनो का आवेदन वाटसअप से भी स्वीकार किए जाएंगे। अंबागढ चौकी के पर्यवेक्षक प्रदेष कांग्रेस सचिव मेहुल मारू ने चुनाव लडने के इच्छुक कार्यकर्ताओ को अपाना वाटसअप नंबर जारी करते हुए बताया की वे अपना आवेदन पीडीएफ के माध्यम से उन्हे भेज सकते है। साथ ही वे आवेदन ब्लाक कांग्रेस संगठन को भी सौप सकते है।

**युवाओ को टिकिट देने की मांग उठी**

कंगेस की चुनावी तैयारी बैठक में प्र्यवेक्षक के समाने युवक कांग्रेस व एनएसयुआई के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियो ने अधिक से अधिक संख्या में युवाओ को नगरीय निकाय में मौका देने की मांग रखी। इसके अलावा कार्यकर्ताओ की ओर से यह भी मांग उठी की पार्टी संगठन के पदो में बैठे पदाधिकारी किस तरह टिकिट मांग रहे है। क्या इन्हे टिकिट दिया जा सकता है। पार्टी के निर्देषो को सभी के सामने रखे। इस पर प्र्यवेक्षक श्री मारू ने कहा की युवाओ को पुरा अवसर दिया जाएगा और कहा की टिकिट मांगने का अधिकार सभी को है। पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा इसे सभी को स्वीकार करना होगा।

# एसडीओपी कार्यालय नवीन भवन में हुआ स्थानांतरण



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ स्थित एसडीओपी कार्यालय नवीन भवन में स्थानांतरित हो गया है। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, मोहारा, चिचोला, चौकी प्रभारी सहित पत्रकार गण व पुलिस स्टॉफ की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर एसडीओपी आशीष कुंजाम ने नए भवन में प्रवेश किया। आपको बता दें कि वर्ष 2023 में पुलिस हाऊसिंग बोर्ड की ओर से 42 लाख रुपये की स्वीकृति से इस नए भवन का निर्माण किया गया है जिसे स्थानीय ठेकेदार सावन अग्रवाल के द्वारा सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। जिसमें नीचे एसडीओपी के रूम के साथ साथ रीडर रूम, कम्प्यूटर आपरेटर रूम, पुरूष शौचालय के अलावा कार्यालय में अपनी फरियाद लेकर आने वाली महिलाओं के लिए भी शौचालय भी बनाया गया है। यही नहीं दूसरे फ्लोर में रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त निवास भी बनाया गया है।



# 21 को बाइक रैली उमरवाही में 22 जनवरी पर भव्य शोभायात्रा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा समिति द्वारा पिछले प्रथम वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जनवरी को बाइक रैली निकलेगी और 22 जनवरी को अयोध्या में जन्मभूमि विजय के साथ प्रतिष्ठा के अवसर पर उमरवाही में भव्य कलश यात्रा राम भक्तों द्वारा निकल गई थी ,इसी के अनुरूप इस वर्ष भी 22 जनवरी पर भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा समिति की संपूर्ण तैयारी पूर्ण हो चुकी है, ग्रामवासी एवं राम भक्त इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु लंबे समय से तैयारी में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को सुबह दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा एवं श्री हनुमान जी की पूजा के साथ-साथ श्री राम जी की पूजा की जाएगी । इसके बाद कलश यात्रा प्रत्येक घर से निकाली जाएगी लगभग 2:00 बजे के आसपास एकत्रीकरण दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर उमरवाही में की जाएगी यहां से कलश यात्रा स्कूल पारा छोटे हनुमान जी की ओर प्रस्थान करेगी वहां से यह रैली बड़गांव मुख्य मार्ग द्वारा पहुंचकर वापस डोंगरगांव मार्ग की ओर प्रस्थान करेगी जहां गांव के सभी वरिष्ठ ,राम भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित होंगे। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष भी प्रत्येक घर से कलश लेकर मातृ शक्तियों ने एक लंबी कलश यात्रा जुलूस बनाई थी ठीक उसी तरह इस वर्ष भी बृहद कलश यात्रा निकालकर प्रभु श्री राम जी की पूजन अर्चन की जाएगी।

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस आज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 39वें स्थापना दिवस के अवसर कल 20 जनवरी से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला (जम्मू-कश्मीर) के संयुक्त तत्वावधान में च्कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहलज्ज् विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 20 से 22 जनवरी 2025 तक आयोजित इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कलयाण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक धरसींवा श्री अनुज शर्मा तथा विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोतीलाल साहू उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित च्कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहलज्ज् तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 21 राज्यों के 400 से अधिक कृषि वैज्ञानिक एवं शोधार्थी शामिल होंगे। सम्मेलन में वैश्विक परिदृष्य में भूमि, जल तथा पर्यावरण के क्षेत्र में विद्यमान अवसरों एवं चुनौतियों पर विचार मंथन किया जाएगा तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग कर इनमें निरंतर होने वाली कमियों को सुधारने के रास्ते तलाशे जाएंगे।



## सप्ताह के सितारे (20 जनवरी 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 8- 9 | 12-21-18-81-28-82 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 0 | 24-42-27-72-47-74 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 5 - 9 | 14-41-15-51-45-54 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 9 - 0

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 01- 32 -95 -65

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 15 - 19 - 10 | (6) 63 - 65 - 69- 60 |
| (2) 23 - 25 - 29 - 20 | (7) 73 - 75 - 79 - 70 |
| (3) 33 - 35 - 39 - 30 | (8) 83 - 85 - 89 - 80 |
| (4) 43 - 45 - 49 - 40 | (9) 93 - 95 - 99 - 90 |
| (5) 53 - 55 - 59 - 50 | (10) 03 - 05 - 09 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 58-84-00-67-06-98 | 03-52-58-30-08 |
| 03-82-29-90-14-66 | 52-31-89-77-76 |
| 02-40-92-85-00-88 | 83-54-89-92-24 |
| 91-69-60-71-85-20 | 16-00-62-04-19 |
| 95-28-11-29-28-18 | 58-32-53-68-27 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान अंतर्गत आसरा के छात्रों को किया गया जागरूक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग में संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत-प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने के लिए पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव की टीम ने पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसरा में उच्च शिक्षा के प्रति जागरुकता पर जानकारी दी। शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉक्टर के. एल. दामले के निर्देशन एवं भौतिक शास्त्र विभाग प्रो. डॉक्टर सुरेश कुमार पटेल, लेखा प्रसाद उर्वशा एवं प्रो. देशमुख सर के विशेष मार्गदर्शन तथा एम.एस.सी. के वरिष्ठ छात्र के सहयोग से विविध कार्यक्रम संपादित किया गया। उक्त कार्यक्रम भौतिक शास्त्र के प्रो. डॉक्टर सुरेश कुमार पटेल के विशेष मार्गदर्शन में भौतिक शास्त्र जैसे कठिन विषय को सरल से सरलतम बनाते हुए उसे कमजोर छात्रों के लिए सहज बनाते हुए रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन देखने लायक था। श्री उर्वशा प्रो. भौतिक शास्त्र के द्वारा पोषण विद्यालय संपर्क अभियान के तहत नई शिक्षा नीति 2020 को छात्र-छात्राओं हेतु लाभप्रद विषय पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ दिग्विजय महाविद्यालय के वरिष्ठ स्नातकोत्तर के छात्रों के द्वारा विशेष जीवनोपयोगी विज्ञान मॉडल प्रस्तुतीकरण छात्र-छात्राओं के नई ऊर्जा एवं प्रेरणा संचार किया गया और इससे छात्र-छात्राओं और विज्ञान मॉडल बनाने हेतु प्रोत्साहित हुए ।गत वर्ष 2024 में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजन किया गया था जिसका प्रभाव परीक्षा परिणाम 2024 पर दिखाई पड़ा। इसी प्रकार छात्र हित में किए नये - नये क्रियाकलाप कराए जाने से विद्यालय में शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों का आकर्षक बढ़ता है, जो निरन्तर किया जाएगा । इस बीच संस्था के व्याख्याता सी. पी. देवांगन ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संस्था में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य आर के तारम आई. एल. निषाद, घनश्याम साहू, लक्ष्मी साहू, एस.घरड़े, चेतन साहू, महिमा रंजन, मंजू चंद्राकर दिनेश साहू केशव भारती का सराहनीय सहयोग रहा,



# पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के तहत पारींखुर्द के बच्चों ने बनाया पापड़, बड़ी और बिजोरी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन की महत्वपूर्ण योजना पूर्व व्यावसायिक शिक्षा के तहत विकासखंड राजनांदगांव से चयनित शिक्षक शिवकुमार सेवता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारींखुर्द संकुल - भर्रेगांव के मार्गदर्शन में शाला के बच्चों ने पाक कला के अंतर्गत रखिया, लौकी व मूली की बड़ी बनाना सीखा: साथ ही पापड़ मुरकु व बिजौरी भी बनाया। बच्चों ने आनंद व उत्साह पूर्वक सभी प्रक्रियाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। शाला की पूर्व छात्रा सुश्री रमा साहू के निर्देशन में बच्चों ने कौड़ी से छत्तीसगढ़ी आभूषण बनाना सीखा। इन सब गतिविधियों में शिक्षिकाओं श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्प लता देवांगन व अन्य स्टाफ का भी सहयोग रहा । शाला के प्रधान पाठक श्री हरीश कुमार देवांगन जी ने पूरे स्टाफ व बच्चों को इस विशेष प्रयास हेतु शुभकामनाएं दीं।



# कमला कॉलेज में महिला डिजिटल साक्षरता पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में 7 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक महिला डिजिटल साक्षरता पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल युग की नई चुनौतियों और अवसरों से अवगत कराना, उन्हें साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन शिक्षा उपकरणों, कैरियर विकास और डिजिटल प्लेटफॉर्म के महत्व को समझाना था।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। इस कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। 7 जनवरी 2025 को प्रोफेसर राजू खुंटे ने बेसिक कंप्यूटर और आईसीटी विषय पर कार्यशाला का आरंभ किया, जिसमें कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के मूलभूत पहलुओं पर चर्चा की गई। 8 जनवरी को सुश्री हेमपुष्पा ने महिलाओं के लिए साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिससे प्रतिभागियों को साइबर अपराध से बचने के उपाय और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहने की तकनीकों को समझने में मदद मिली। 9 जनवरी 2025 को श्रीमती प्रियंका दास ने ऑनलाइन शिक्षा उपकरण और फॉर्म भरने की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने प्रतिभागियों को ऑनलाइन शिक्षा के विभिन्न उपकरणों का उपयोग और सरकारी व गैर-सरकारी योजनाओं के फॉर्म भरने की प्रक्रिया सिखाई। 10 जनवरी को रामअवतार ने प्रोफेशनल दस्तावेज और प्रेजेंटेशन कौशल पर अपने व्याख्यान में प्रतिभागियों को प्रभावशाली प्रेजेंटेशन तैयार करने और व्यावसायिक दस्तावेज बनाने की विधियों से अवगत् कराया।



11 जनवरी 2025 को श्रीमती रोहिणी ने कैरियर विकास के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाश डाला और कैरियर संबंधी विभिन्न अवसरों के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग कैसे किया जाए यह बताया।कार्यशाला के अंतिम दो दिन 14 और 15 जनवरी को आशीष मंडले ने डेटा प्रबंधन, ऑनलाइन फॉर्म निर्माण और डिजिटल मार्केटिंग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे डेटा को सुरक्षित और व्यवस्थित रखा जा सकता है और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से कैरियर में नई संभावनाएं प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही डिजिटल जीवन-शैली से जुड़े मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता भी बढ़ाई। कार्यशाला में कुल 100 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रथम स्थान इशा साहू (बीएससी द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान श्रुति यादव (बीएससी द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान गुंजन साहू (एमएससी रसायनशास्त्र) ने हासिल किया। इन सभी छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. जयसिंह साहू और समन्वयक चंदन साहू के नेतृत्व में हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों में कु. डाकेश्वरी साहू, श्रीमती शैलजा तिवारी और श्रीमती सानवी पंजवानी ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यशाला के सुचारू संचालन में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. बसंत कुमार सोनबेर, पीएम-उषा प्रभारी आलोक जोशी, डॉ. नीता एस. नायर, डॉ. निवेदित ए. लाल और कार्यालयीन कर्मचारियों जावेद सिद्दीकी, रमन साहू और धनेश कुमार पटेल का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला के समापन अवसर पर डॉ. जयसिंह साहू ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों, कर्मचारियों और छात्राओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस कार्यशाला को महिला सशक्तिकरण और डिजिटल जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस कार्यशाला ने डिजिटल युग में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

nandgaon times jan-20-001.qxd 1/19/2025 10:53 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) चंदुबी महोत्सव का आयोजन हाल ही में किस राज्य में किया गया?*
*2) वेदों एवं वेदांगो की संख्या कितनी है?*
*3) भारत में राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?*
*4) दुनिया का सबसे लंबा एस्केलेटर सिस्टम किस देश में है?*
*5) भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) असम (2) 4 एवं 6 (3) प्रधानमंत्री (4) हांगकांग (135 मीटर ऊंचा और 800 मीटर लंबा) (5) रघुराम अय्यर

## जमीन संबंधित विवादों का होगा अंत - अरुण साव



**रायपुर ।** स्वामित्व योजना के तहत आज कोरबा जिले के किसानों और ग्रामीणों को स्वामित्व (प्रॉपर्टी) कार्ड का वितरण उप मुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन लोगों ने वर्चुअली सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामित्व योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसे हितग्राहियों के लिए आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बताया। उन्होंने कहा कि गाँव में आबादी भूमि में बिना कानूनी दस्तावेज के रहने वाले ग्रामीणों को उनकी जमीन का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। इससे बैंक में ऋण भी मिल सकता है। कानूनी अधिकार होने से विवाद की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। इस सम्पत्ति से जीवन बदल सकता है। प्रधानमंत्री ने इसे ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने की पहल बताते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, आयुष्मान, पीएम आवास, पीएम सड़क योजना आदि से देश के ग्रामीणों के जीवन में आए बदलाव को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी कहते थे कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और हमारी सरकार उन्हीं से प्रेरित होकर गाँव के विकास और ग्रामीणों के जीवन में बदलाव के लिए काम कर रही है। उन्होंने स्वामित्व योजना से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गों के लोगों को बहुत लाभ मिलने की बात कही।

## निधन

**सीमा युनुस**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय गौरी नगर निवासी श्रीमती सीमा युनुस (45) का आज सुबह लगभग 8.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया । दिवंगत श्रीमती युनुस स्व.अगस्टिन युनुस की धर्मपत्नी थीं । वे कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद सतीश मसीह की बहु थीं । उन्होंने अपने पीछे दो पुत्रियों समीक्षा युनुस तथा सारा युनुस को छोड़ा है उनकी बड़ी पुत्री समीक्षा युनुस वर्तमान में नगर निगम राजनांदगांव में कर्मचारी हैं । आज शाम 4 बजे मसीही कब्रिस्तान में सामाजिक रीति -रिवाज के साथ उनका कफ़न - दफ़न कर दिया गया ।

## निधन

**दशहरी निषाद**



**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष हीरा निषाद की माता दशहरी निषाद 95 वर्ष की आयु में 19 जनवरी रविवार को अपना देह त्याग दिया है. वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं. उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 20 जनवरी को निज निवाज बोधीटोला से प्रात: 11 बजे मटिया मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

# हिन्दू युवा मंच ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सोमनी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

### थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों को रोकने और क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग टीम की सक्रियता बढ़ाने सोमनी थाना प्रभारी को कराया गया अवगत







**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दू युवा मंच छत्तीसगढ़ ने राजनांदगाँव जिले के अंतर्गत आने वाले सोमनी थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध और मनगट्टा क्षेत्र में लम्बे समय से चल रही असामाजिक तत्वों की असंदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर कल शाम हल्ला बोला। साथ ही संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी श्री सत्यनारायण देवांगन सहित पूरे थाना स्टाफ को यह चेतावनी दी है कि, उनकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

प्रदेश संयोजक श्री गोविंद राज नायडू के मार्गदर्शन में और प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी जय देवांगन, जिलाध्यक्ष और जिला कार्यक्रम प्रभारी किशोर माहेश्वरी और शहर अध्यक्ष और शहर कार्यक्रम प्रभारी सुरेश लोहमार के नेतृत्व में उक्त मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्तशय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि, सोमानी थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, यही नहीं मनगट्टा और आसपास के क्षेत्र में भी लम्बे समय से असामाजिक और संदिग्ध गतिविधियों के होने की शिकायते भी संगठन को लगातार प्राप्त हो रही थी, किंतु संबंधित थाना इस पर कार्यवाही करने और नकेल कसने के बजाय हाथ पर हाथ धरकर बैठा हुआ था, जिसके कारण असामाजिक तत्वों के हौसले सातवें आसमान पर थे और इस प्रकार की गतिविधियां रुकने के बजाय दिनों दिन बढ़ती ही जा रही थीं। पुलिस महकमे को जगाने और उनके कर्तव्यों की याद दिलाने हिन्दू युवा मंच को विवश होकर आज आगे आना पड़ा। आगे उन्होंने यह भी कहा कि, संबंधित थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफलगातार तो बढ़ता जा ही रहा था, पीड़ितों की सुनवाई न होने की भी लगातार शिकायते मिल रही थी, जिस पर भी थाना क्षेत्र कोई रुचि भी नही दिखा रहा था।

**ठोस कार्यवाही न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की दी चेतावनी.**

वहीं मनगट्टा और आसपास के क्षेत्र में भी आसाजिक तत्वों के द्वारा लगातार आपराधिक और संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। जिसके कारण उक्त क्षेत्र और क्षेत्र के आसपास का वातावरण लगातार दूषित होने लगा है। जिस पर भी लगाम लगाना बहुत जरूरी हो गया है। असामाजिक तत्वों की लगातार सक्रियता के फलस्वरूप मनगट्टा वन चेतना केंद्र, पर्यटन का केंद्र न बनकर, परिवार के साथ यहां आने वालों के लिए परेशानी का सबब बनने लगा था, साथ ही प्रबुद्ध जन और संभ्रांत परिवार वन चेतना केंद्र से दूरी बनाने लगे थे। जिस पर त्वरित रूप से कार्यवाही करने और क्षेत्र में पेट्रोलिंग टीम की सक्रियता तेज करने थाना प्रभारी को मंच ने हिदायत दी है। इतना ही नहीं उक्त शिकायत पर जल्द से जल्द कार्यवाही न होने की स्थिति में मंच ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने स्वयं प्रदेश संयोजक श्री गोविंद राज नायडू उपस्थित रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश संगठन से जय देवांगन, राज गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, रवि देवांगन, उज्ज्वल साहू, तरुण साहू, आयुष कुमार, सोनू साहू, लक्ष्मण यदु, दीपक मानिकपुरी, विक्की कुमार, लामन सिन्हा, ओम सिन्हा, आयुष देशमुख, रवि टंडन, राजनांदगाँव शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शहर संयोजक राजा ताम्रकार, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, सोमनी मंडल से अजय सोनकर, सचिन यादव, भुवन कुमार, आशीष साहू, गंधरी मंडल से गजेंद्र कुमार, डामेश्वर साहू, घुमका मंडल से प्रिंस राजपूत, जीवन पटेल, टिकेंद्र साहू सहित हिन्दू युवा मंच के सदस्य और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन मे सम्मिलित हुई : पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत भोलापुर एवं बेलरगोंदी में दो दिवसीय सस्वर मानस गायन सम्मेलन का आयोजन रखा गया है।जिसमें मुख्य अतिथि- श्रीमती राजकुमारी सिन्हा (अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया) के रूप में सम्मिलित हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता चुम्मन साहू (महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी)ने की विशेष अतिथि के रूप चन्द्रीका वर्मा (ब्लाक अ महिला कां. कमेटी. छुरिया), प्रतिमा सोनबोईर (जनपद सदस्य छुरिया),रमशीला साहू (सरपंच ग्राम पंचायत बेलरगोंदी),हेमलता बंजारे जनपद सदस्य,राजकुमार सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, शिशुपाल साहू,आरती साहु,पुरन नेताम सचिव जिला कांग्रेस,रोशन साहु कांग्रेस कार्यकर्ता,डॉक्टर टी.एक.नाग, सरपंच रुखम प्रसाद पांडे,,वैद्यराज भगत राम धृतलहरे,हेमलाल साहु,परसराम कोचे



पूर्व जनपद सदस्य,मोहित राम सिन्हा ग्राम पटेल,भुनेश्वर साहु, रेवा राम यादव (सरपंच ग्राम पंचायत बागद्वार), रामखिलावन उईके (सरपंच ग्राम पंचायत हैदलकोड़ो बसंत कुमार साहू (समिति प्रबंधक गहिराभेड़ी) सुन्दर लाल चतुर्वेदी (प्राचार्य हा. सेंके स्कूल बेलरगोंदी, मोटघरे सर (माध्यमिक शाला बेलरगोंदी), शिवराम चन्द्रवंशी (प्राथमिक शाला बेलरगोंदी), धन्नू लाल (ग्राम पटेल),एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बेलरगोंदी -केकई साहू (पंच), रमशीला सोनबोईर (सरपंच)-टेकचंद सोनबोईर, प्रभात साहु (सरपंच प्रतिनिधि) सुनील गुप्ता समान सेवी,टेकचंद वर्मा ,टोमन कुंवर, नंद ?कुमार साहु (उद् ?घोषक)उमेश सोनी, ओमप्रकाश साहु, सोनू सिन्हा एवं समस्त आयोजक बंधु एवं ग्रामवासी उपस्थित थे द्य इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत के लिए मैं उनका हृदय से आभार करती हूं। ऐसे आयोजन ही हमारे छत्तीसगढ़ की कला,संस्कृति व पारंपरिक धरोहरों को जीवंत रखते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते हैं।

## महिला से 11 लाख की ठगी

**रायपुर।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 11 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया लूटन खम्परिया 52 वर्ष अवधपुरी कालोनी भाठागांव की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी खेमराज प्रधान ने भाठागांव स्थित दूसरे की जमीन को अपना बताकर 11 लाख रुपए एडवांस ले लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मोटराईज्ड सायकल मिलने से भावविभोर हुए दिव्यांगजन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण लिए, कौशल विकास एवं पुनर्वास के लिए जिले में स्थित सीआरसी सेन्टर क्षेत्र के लोगों के लिए आशा का किरण बनकर सामने आया है और आत्मनिर्भर भारत बनाने में यह सेंटर प्रत्यक्ष उदाहरण दिख रहा है. दिव्यांगजनों की सहायता के लिए अनेक आवश्यक उपकरण तथा उनके जीवन को सुधारने के लिए अनेक योजनाओं के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सेंटर संचालित किया जा रहा है. जिले के ठाकुरटोला में सांसद संतोष पांडे के आतिथ्य में शुभारंभ किये गए सीआरसी केन्द्र में अनेक शैक्षणिक एवं पुर्नवास चिकित्सा एवं फिजियोथैरेपी जैसी सुविधाएँ नि:शुल्क उपलब्ध करायी जा रही है. मोटराईज्ड सायकल मिलने से भावविभोर हुए दिव्यांगजन : ग्राम महरूम निवासी रमेश नेताम और ग्राम भकुर्रा निवासी सरस्वती साहू दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, उनके व्दारा अपनी इस कमी को दूर करने व सहारे के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक चक्कर काटकर थक गए थे जहाँ उन्हें नाममात्र औपचारिकता के बैटरीयुक्त सायकल प्रदाय किया गया है. ये दोनों हितग्राही केन्द्र सरकार की योजना से लाभान्वित होकर भावविभोर हो गए हैं और निश्चित ही इससे उनके जीवन में बदलाव होगा. इसी प्रकार अब कुछ हितग्राही जानकारी मिलने पर सीआरसी सेंटर पहुंच रहे हैं और वहाँ का स्टॉफ उनकी पूर्ण मदद करने में लगा है. दिव्यांगजनों को पंजीयन के लिए राशनकार्ड, दो फोटो, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, युडीआईडी कार्ड की आवश्यकता होगी जिसके माध्यम से लाभ मिल सकेगा. मोटराईज्ड सायकल के अलावा, ट्राईसिकल, सामान्य ट्राईसिकल, व्हील चेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सामाग्रियों की व्यवस्था की गई है. साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर की देखरेख में कृत्रिम पैर, फिजियोथेरेपी सहित अन्य ट्रेनिंग सेंटर संचालित किये जा रहे हैं जो कि पूर्णत: नि:शुल्क है. बुजुर्गों को भी मिलेगा नि:शुल्क सामग्री : एक बार पंजीयन के बाद इस सेंटर में 60 वर्ष से अधिक जरूरतमंद बुजुर्गों को व्हील चेयर, काम्बो चेयर, छड़ी, वॉकर, कमर का पट्टा, घुटने का पट्टा, सुनने की मशीन आदि 12 हजार रूपये की सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जा रही है. वृद्धजनों के लिए इसका लाभ लेने के लिए मात्र अपनी आय की जानकारी, फोटो, आधार कार्ड, राशनकार्ड देना होगा, जिससे वृद्धजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है. दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए वांछित उपकरण न केवल शारीरिक जरूरतों को पूर्ण करती है बल्कि उनकी आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान को भी बढ़ाने का एक माध्यम है. सीआरसी ठाकुरटोला की डायरेक्टर स्मिता महोबिया ने मुलाकात के दौरान बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार कई स्थलों में कैम्प लगाया जाता है किन्तु हितग्राही का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए एक बार सीआरसी सेंटर आना होगा, जिससे उन्हें समुचित लाभ मिल सकेगा.

## धर्म समाचार....

# मान्यता- माघ में नदियों में स्नान करने से मिलेगा पुण्य





माघ महीने में नदियों में स्नान करने का महत्व काफी अधिक है। इस महीने में प्रयागराज के संगम में भक्त कल्पवास के लिए पहुंचते हैं। इस साल प्रयागराज में कुंभ का मेला लगा हुआ है। इतनी ठंड होने के बाद भी लाखों भक्त रोज गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान कर रहे हैं। मान्यता है कि इस महीने में किए गए नदी स्नान से अक्षय पुण्य मिलता है। जानिए माघ मास में नदी स्नान की परंपरा से जुड़ी खास बातें... उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, ग्रंथों में माघ स्नान के बारे में जिक्र है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, शिप्रा, गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। शास्त्रों में लिखा है कि - माघे निमज्जनं यत्र पापं परिहरेत् तत:। इस श्लोक का अर्थ ये है कि माघ मास में पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है। माघ मास में ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके भगवान विष्णु, शिव जी का ध्यान करना, पूजन करना बहुत शुभ होता है, इसी वजह से करोड़ों भक्त हर साल माघ मास में कल्पवास के लिए प्रयागराज के संगम तट पहुंचते हैं।माघ मास की सर्दी में ठंडे पानी से स्नान करना, एक तप की तरह है। इसे भगवान के प्रति समर्पण की तरह माना जाता है। स्नान के बाद नदी के जल से सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। जो लोग माघ मास में नदियों में स्नान नहीं कर पाते हैं, उन्हें घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। अगर गंगाजल न हो तो सभी पवित्र नदियों का और तीर्थों का ध्यान करते हुए स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय स्नान मंत्र का जप करें। मंत्र - गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरी जलऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।। स्नान के बाद ॐ सूर्याय नम: मंत्र का जप करते हुए सूर्य देव को तांबे के लोटे से जल चढ़ाएं। सूर्य पूजा के बाद घर के मंदिर में पूजा करें। पूजा के बाद घर के आसपास जरूरतमंद लोगों को धन, अनाज, भोजन, कपड़ों का दान करें। किसी गौशाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें।

## घर में भूलकर भी खाली न रखें ये 4 चीजें, वरना मां लक्ष्मी हो सकती हैं नाराज



वास्तु शास्त्र में बताए गए उपाय व्यक्ति के जीवन के लिए अधिक फलदायी साबित होते हैं। ऐसा माना जाता है कि वास्तु शास्त्र के उपाय करने से धन की देवी मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा हमेशा बनी रहती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में कुछ चीजों को कभी खाली नहीं रखना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। सनातन धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। इस शास्त्र में व्यक्ति के जीवन से जुड़ी सभी तरह की परेशानियों के समाधान के बारे में बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि वास्तु शास्त्र के उपाय करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और घर में खुशियों का आगमन होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कुछ चीजों का भूलकर भी खाली नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही धन की कमी भी हो सकती है। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि किन चीजों को खाली नहीं रखना चाहिए। किचन में कभी भी ऐसे बर्तन को खाली नहीं रखना चाहिए, जिसमें चावल और आटा जैसी चीजों को रखा जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इन चीजों का खाली रखने से मां अन्नपूर्णा नाराज हो सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि अन्न के भंडार भरे रहने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है। हर दिन विधिपूर्वक मां अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना करें। इससे मां अन्नपूर्णा की कृपा बनी रहती है और अन्न के भंडार कभी खाली नहीं होते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# आसमान छू रहे चाय नाश्ता के दाम

## हल्का तेल और साइज छोटी कर अधिक मुनाफा कमाने का चल रहा हैं चक्कर, होटल में नहीं है सूची

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के होटलो में हल्का तेल और हल्का बेसन का इस्तेमाल कर आलू गुंडा, भजिया समोसा और अन्य सामानों का निर्माण किया जा रहा है। इन सामानो के साथ पेयजल की गुणवत्ता सहित कीचन की जांच करने सम्बन्धित विभाग गंभीर नही है। जिसके चलते आज आम नागरिक को स्वास्थ्य बिगडने पर डॉक्टर के पास उपचार के लिये जाना पड़ रहा है। अब तो आलू गुंडा और अन्य नाश्ता की दरे इतनी अधिक हो गई है कि लोग सोच में पड़ गए हैं कि वह नाश्ता करें या नहीं। इसी तरह चाय के दाम भी दिनोदिन बढ़ते जा रहे हैं जिसको लेकर भी प्रशासन द्वारा कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है। जनप्रतिनिधि व दोनो पार्टी के संगठन नेता तो केवल अपनी रोटी सेककर स्वयं की सेवा में लगे हैं।

राजनांदगांव शहर के सुप्रसिद्ध होटल मानव मंदिर ने मनमानी करते हुए आलू गुंडा ,समोसा, बड़ा ,भजिया का प्रति प्लेट दर 24 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह खंडेलवाल होटल में भी यह नाश्ता प्रति प्लेट 25 रुपये कर दिया गया है। स्पेशल चाय 20 रुपये तथा हाफचाय 10 रुपये लिया जा रहा है। इसी तरह के दाम मोती स्वीट्स , लक्ष्मी नारायण स्वीट्स ,फुर्सत के पल सहित अन्य होटलों में देखने मिल रहे हैं। यह दर एक आम आदमी सहित मजदूर वर्ग में की पहुंच के बाहर होती जा रही है।इसको लेकर आम नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है और आम जनता के बीच चौक चौराहे पर चर्चा होने लगी हैं कि प्रशासन का इस पर कही कोई कंट्रोल नहीं है। इसी तरह चौक चौराहे पर ठेलों पर बिकने वाले चाट, आलू टिकिया, गुपचुप की दरे भी अचानक बढ़ गए हैं। इसमें चौक चौराहो पर यह चर्चा जमकर है कि इन सबको बनाने में उपयोग आने वाला तेल हल्का होता है और शरीर के स्वास्थ्य को भी प्रभावित भी करता है। इसको लेकर डॉक्टर के पास आए दिन भीड़ बढते जाती है। इस मामले में बढ़ती दरो को लेकर आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि अथवा महापौर तथा कांग्रेस भाजपा के नेताओं ने आवाज नही उठाई है। इस मामले मे अब तक एकलौते चर्चित भाजपा नेता पप्पी भाटिया ने कलेक्टर राजनांदगांव को लिखित



शिकायत की थी और जांच कर आम जनता को राहत देने की मांग की थी पर उस मांग पर कलेक्टर ने क्या सोचकर ध्यान नही दिया यह आज तक पता नही चल पाया है। यह अपने आपमें गौर करने वाला विषय है कि आलू गुंडा , बड़ा समोसा और भजिया की साइज भी दरे बढने के साथ दिनों दिन छोटी होती गई। इसकी कोई जांच नही कर रहा है। इस मामले में यह भी बात सामने आ रही है कि इन सब में प्रयुक्त होने वाला बेसन किसी आटा चक्की मे पिसकर नही वरन पैकेट मे पिसे आटा का उपयोग कर बनाई जाती है । एक खास बात यह भी है कि कुछ होटलो का नाश्ता जैसे ही ठंडा होता है तो वह खाने लायक नही रह पाता है।इस मामले में भी जांच कर आज तक कोई पहल नहीं की गई है जिसके चलते होटल वालो के हौसले बुलंद हो रहे हैं। आज तक जिले के कलेक्टर अथवा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में होटल व्यवसायियों को बुलाकर आम वर्ग के लिये जनहित में अच्छा सामान, अच्छा तेल का उपयोग करने और दरों को सामान्य रखने के निर्देश नहीं दिए हैं। जिसके चलते अपनी मनमानी से होटल वाले जब चाहे रेट व हल्का तेल ,हल्का बेसन आदि का उपयोग कर अधिक मुनाफा के खेल की चर्चा है। यह अपने आप में रोचक और महत्वपूर्ण होने के साथ चर्चा है कि एक आलू गुंडा या समोसा अथवा बड़ा अथवा भजिया में उपयोग में लाई जाने वाली बेसन ,दाल तथा तेल का उपयोग भी करें तो बमुश्किल 3 से 4 रुपये खर्च आता है। उसके बावजूद दो पीस लगभग 8 रुपये की जगह सीधे 24 ,25 रुपए लिया जाना कहां तक न्याय संगत है। इस तरह की मनमानी से तो आम सामान्य वर्ग सहित मजदूर तबका जो इसका उपयोग करता है। उसके जेब पर डाका डाला जा रहा है और वह इन सब से वंचित रह जाएगा और इस तरह होटल वालो की मनमानी चलते रहेगी। यह भी देखने में आ रहा है इन सब मामलों की जांच करने वाला खाध औषधि प्रशासन विभाग कभी-कभी इन होटल में खाद्य सामग्री की जांच करता है पर उसने आज तक यह पता लगाने की कोशिश नहीं कि इन खाद्य तेलों में कौन सा तेल खाने लायक है या नहीं है और आलगुन्डा, समोसा ,बडा आदि की साईज व मात्रा क्या है। अभी हाल ही में खाध व औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जलाराम स्वीट्स में दही की जांच की गई तो दही अमानक मिला। इस तरह अमानक दही व अन्य घटिया तेल वाले सामानो का उपयोग कई होटलों में घडल्ले से हो रहा हैं ।नाश्ते का प्रकार, वजन, रेट किसी भी होटल मे अंकित नही किया जाता है।बडे बडे होटल सहित ढाबो में विभाग की लापरवाही से घटिया दही ,पनीर आदि का धड़ल्ले का इस्तेमाल हो रहा हैं जो मानव जीवन के लिए खतरनाक है और यह सब जनहित में उचित नहीं है पर कलेक्टर साहब इस पर जनहित व मानव हित के मसले पर गंभीर क्यो नही है। यह चर्चा सुबह शाम चौक चौराहो पर आम जनो के बीच हो रही है।

# मानव जीवन में सत्संग और संस्कार का होना बहुत जरूरी है



### ना जाने कौन से समय किनका बुलावा आ जाए इसे कोई नहीं जानता , समय का सदुपयोग प्रेम भक्ति भाव से करे पंडित कामता प्रसाद तिवारी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के मटिया वार्ड में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भागवत आचार्य पंडित कामता प्रसाद तिवारी ने छठवें दिन की कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव को विस्तार पूर्वक बताया अगले कथा में बाल लीला गोवर्धन धारण रस महारास रुक्मणी विवाह की कथा को विस्तार पूर्वक बताया पंडित कामता प्रसाद तिवारी ने भागवत कथा में कहा भगवान ने मनुष्य को मानव जीवन देकर मानवता के सर्वस्त्र गुण स्वभाव धर्म कर्म संस्कार सभी रहस्य दिए गए हैं भगवान ने मानव जीवन दिए हैं उनका सभी को सदुपयोग करना चाहिए भगवान के पूजा पाठ ध्यान कर प्रेम और भक्ति भाव से प्रतिदिन भगवान को स्मरण करना चाहिए मानव के शरीर में जीव रूपी आत्मा दिया है जिसे परमपिता परमात्मा का ध्यान लगाकर अपने अच्छे कर्मों का गुनगान करना चाहिए हर व्यक्ति को मानव जीवन में भगवान का ध्यान करना चाहिए ना जाने कौन से समय कब किसका बुलावा आ जाए इसे कोई नहीं जानता इसलिए हर व्यक्ति को अच्छे कर्म कर हर एक कार्य को प्रेम पूर्वक भक्ति भाव पूर्ण से करना चाहिए भगवान को प्रेम भाव से ही जीता जा सकता है मनुष्य को भगवान ने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं जिसे हर व्यक्ति के पास अपने वाणी से अच्छे संस्कार का उपयोग करना चाहिए मानव जीवन में भगवान को भक्ति भाव और खुशी-खुशी से



याद कर समय बिताना चाहिए अगर मानव जीवन में आगे बढ़ना है तो सत्संग बहुत जरूरी है बिना सत्संग के मानव जीवन अधूरी है इसलिए जीवन में सत्संग बहुत जरूरी है श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने भी श्रीमद् भागवत कथा का लाभ लिया मटिया वार्ड में श्रीमद भागवत कथा चल रहे जिनमें सांसद संतोष पांडे ने कहा मानव जीवन में भगवान के भागवत कथा को सुनना भी बहुत आवश्यक है लोग आज के भागम भाग दौड़ में अपना समय को तेज रफ्तार से ही व्यतीत कर रहे हैं लेकिन इस मानव रूपी शरीर को भगवान को याद में हर दिन श्रद्धा भक्ति भाव से जोड़ना भी जरूरी है सभी व्यक्ति को भगवान को रोज दिल से याद करना चाहिए श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ में लाभ लेने के लिए सांसद संतोष पांडे के साथ भरत वर्मा दिनेश गांधी दिना पटेल रामकुमार गुप्ता के अलावा जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में कथा स्थल पहुंचे थे।

# वार्ड क्रं. 35 से दीपक साहू की प्रबल दावेदारी


**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के कुल 51 वार्ड में आधा दर्जन वार्ड तो लखोली क्षेत्र से ही आ जाते हैं। इसी लखोली क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 35 लखोली से दीपक साहू ने अपनी प्रबल दावेदारी ठोक दी है। उनकी इस दावेदारी से वार्ड वासियों सहित शहर के शुभचिंतकों में प्रसन्नता व्याप्त है। उनकी यह प्रबल दावेदारी भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टी के संभावित तथा संभावित निर्दलीय उम्मीदवारों की चिंता बढ़ाने वाली है। शासकीय दिग्विजय कॉलेज से स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त श्री साहू लगभग 20 साल से पत्रकारिता करते हुए वार्ड समेत शहर जिले के लोगों की सेवा में सतत रूप से लगे हुए हैं। वार्ड वासियों की छोटी-मोटी समस्याओं को वे निगम और जरूरत पड़ी तो तहसील और जिला कार्यालय जाकर भी निपटाते रहे रहे हैं। उनके इस लंबे अनुभव का फायदा उनके पार्षद बनने से न सिर्फ वार्ड वासियों बल्कि पूरे शहर वासियों को मिल सकता है। अपनी दावेदारी के संबंध में दीपक साहू का कहना है। कि जनकल्याणकारी योजनाएं चाहे किसी भी पार्टी की हो यदि पात्र व्यक्ति वंचित रह जाए और अपात्र लाभ उठाने लगे तो योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है। लंबे अरसे से कुछ ऐसा ही देखा जा रहा है। कि कम समझ के लोग योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाते या फायदा उठाने में विलंब कर देते हैं। ऐसी दशा में उनकी सेवा करना पार्षद बनने के बाद और ज्यादा आसान हो जाएगा। यदि वार्ड की जनता उन्हें पसंद कर रही है तो मेरे लिए यह बड़े सौभाग्य की बात होगी।



### 20 वर्षों से पत्रकारिता और वार्ड वासियों सहित नागरिकों की सेवा का अनुभव

## आरला मंडई 20 जनवरी को, सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ सुरगी की होगी प्रस्तुति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम आरला में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 20 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में लोगों के भरपूर मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ ग्राम सुरगी वालों का रखा गया है।आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।



## पार्षद प्रत्याशी नाम संकलन हेतु भाजपा की बैठकों का दौर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरी निकाय चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव पर्यवेक्षक के माध्यम से सभी वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों की सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था कि तरह खुली बैठकों में संकलन हेतु बैठकों का आयोजन वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुराना ढाबा वार्ड क्रमांक 4, चिखली वार्ड क्रमांक 6 ,शंकरपुर वार्ड क्रमांक 9 और महावीर वार्ड क्रमांक 37 की बैठक में पहुँचे मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किसून यदु, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, जिला भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव वर्मा, अरुण शुक्ला, पारस वर्मा ,नागेश यदु ने विभिन्न वार्डों में बैठक लेकर इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लिया एवं नगरी निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिक से अधिक प्रत्याशी जीत कर नगर निगम पहुंचे इस बात के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। सभी वार्डो से जितने भी नाम सामने आए हैं उन्हें भाजपा संगठन के सामने प्रस्तुत किया जाएगा उस पर विचार कर पार्टी प्रत्याशी की घोषणा की जावेगी।



# प्राथमिक शाला टोलागांव के पालकों एवं बच्चों ने भोरमदेव दर्शन किए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 19 जनवरी शैक्षिक भ्रमण का महत्व इंटरएक्टिव लर्निंग, फील्ड ट्रिप छात्रों को जो कुछ सीख रहे हैं उसके साथ इंटरेक्ट करने में मदद करते है । शैक्षिक यात्राएं बच्चों को मनोरंजन भी प्रदान करती है शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से हम प्रकृति और मनुष्यों के बीच सह संबंधों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं । बच्चों को तो अपने परिवेश की बहुत सारी जानकारियां होती है और इस जानकारी को विषय व विषय वस्तु से जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य होता है । इसी को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक शाला टोलागांव के बच्चों एवं पालकों के द्वारा भोरमदेव मंदिर,करेला भवानी मां भवानी मंदिर, मां बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के दर्शन किए ।भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के कबीरधाम से 18 किलोमीटर दूरी पर चौरा



ग्राम में स्थित है ।यह मंदिर एक हजार साल पुराना मंदिर है ।मंदिर के चारों ओर माईकल पर्वत समूह है,जिनके मध्य में हरी भरी घाटी में यह मंदिर है ।मंदिर के सामने एक सुंदर तालाब भी है ,भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ राज्य के भोरमदेव में यह मंदिर शिव जी को समर्पित है ।यह मंदिर कृत्रिम रूप से पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित है इसका निर्माण 18 वीं शताब्दी के पास हुआ था। बच्चों व पालकों ने उक्त प्रकृति व मंदिरों को देखकर बहुत ही अच्छा महसूस किए ।प्रकृति व अध्यात्म की प्रति उनका लगाव निसंदेह पनपने लगेगा। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश्वरी सेवता रूपेश्वरी साहू शिक्षिका ,रुक्मणी सोनवानी उपाध्यक्ष, नंदा सोनवानी, मोनिका सोनवानी ,लता निर्मलकर, अनीता सेवता, राधा कोमरे ,ग्राम प्रमुख अंजोरी राम ,ओमप्रकाश , दिनेश रजक, शीशपाल, अरमान, नोमेश सोनवानी , कुबेर सोनवानी प्रधान पाठक भजन लाल साहू शामिल हुए थे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश की तहसील स्तरीय बैठक 20 जनवरी सोमवार को दोपहर 12:30 बजे स्थानीय यादव भवन में रखी गई है बैठक में विशेष रूप से नवनिर्वाचित प्रांतअध्यक्ष के एल टांडेकर उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंहा महामंत्री शैलेंद्र सिंह जिला पदाधिकारी हसीना खान नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष जी आर देवांगन कोषाध्यक्ष गैंद लाल देवांगन जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंह सचिव डीडी पांडे मोहला मानपुर चौकी के जिला अध्यक्ष पूर्णानंद नेताम इत्यादि उपस्थित रहेंगे तहसील शाखा के अध्यक्ष महेश अत्री ने बताया है की तहसील शाखा में कतिपय नेता जो की पेंशनर्स साथियों को भ्रमित कर पिछले दो साल से पंजीयन क्रमांक 1844 को अपने संगठन का पंजीयन बताकर शासकीय भवन में आवैधानिक रूप से काबिज है उनके संबंध में आम पेंशनरों को बताने सहित अन्य विषयों को लेकर बैठक आहुत की गई है बैठक में तहसील के समस्त पेंशनरों से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की गई है।

# पहल कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम लिटिया में हुआ स्वास्थ्य पोषण शिविर

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में कुपोषण के विरुद्ध अभियान के तहत एबिस ग्रुप के सहयोग से सृजन सामाजिक संस्था द्वारा संचालित पहल कार्यक्रम के तहत ग्राम लिटिया में स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 146 लोगों ने स्वास्थ्य जाँच करवायी। विशेष रूप से बच्चों, किशोरिओं और महिलाओं के लिए ग्राम पंचायत लिटिया में आयोजित स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ सत्येंद्र दुबे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षा दुबे और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ हेमंत चौहान की उपस्थिति में बच्चों, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं सहित ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर




सरपंच कृष्णा भारतीसरपंच कृष्णा भारती, मितानिन श्रीमती कुंती बाई,श्रीमती अनिता बाई, श्रीमती शांति बाई,श्रीमती शशि वर्मा, श्रीमती किरण बाई, श्रीमती खेमा बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लेन बाई, श्रीमती सरिता खुटेल एवं श्रीमती दिनेश्वरी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।एबिस सृजन पहल कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित शिविर में डॉ हर्षा दुबे द्वारा किशोरी बालिकाओं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अलग से कॉउंसलिंग भी की गई। आईबी ग्रुप के सहयोग से सृजन सामाजिक संस्था द्वारा सुपोषण हेतु लगातार विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। पूरे आयोजन में महेश साहू, श्रीमती सुनीता यादव, दीपक वर्मा एवं सुश्री आरती शांडिल्य का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com